रजिस्ट्री सं. डी.एल. (एन) 04/0007/2003—05 REGD. NO. D. L. (N) 04/0007/2003—05

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-सा.-13032021-225837
CG-DL-W-13032021-225837

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

साप्ताहिक
WEEKLY

सं. 09] नई दिल्ली, फरवरी 28 - मार्च 6, 2021, शनिवार/ फाल्गुन 9 - फाल्गुन 15, 1942
No. 09] NEW DELHI, FEBRUARY 28 - MARCH 6, 2021, SATURDAY/ PHALGUNA 9 -PHALGUNA 15, 1942

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह पृथक संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय अधिकारियों (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा विधि के अंतर्गत बनाए गए और जारी किए गए साधारण सांविधिक नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)

General Statutory Rules (Including Orders, Bye-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय

(कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग)

नई दिल्ली, 19 फरवरी, 2021

सा.का.नि. 21 .—नारियल विकास बोर्ड, नारियल विकास बोर्ड अधिनियम, 1979 (1979 का 5) की धारा 20 की उपधारा (2) के खंड (ख) के साथ पठित उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार के पूर्वानुमोदन से निम्नलिखित भर्ती विनियम बनाता है, अर्थात् :-

1. **संक्षिप्त नाम, प्रारंभ और लागू होना.**— (1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम नारियल विकास बोर्ड भर्ती विनियम, 2020 है ।

   (2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत होंगे ।

(3) ये विनियम इन विनियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (1) में विनिर्दिष्ट पदों को लागू होंगे।

2. **पदों की संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर**.—उक्त पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण और उससे संलग्न वेतन मैट्रिक्स में स्तर वे होंगे जो उक्त अनुसूचियों के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं ।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं, आदि**.—उक्त पदों पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएँ और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

4. **निरर्हता**.— वह व्यक्ति-

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या विवाह की संविदा की है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है,

उक्त पदों पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह, ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस विनियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. **आरंभिक गठन**.—नीचे उल्लिखित समाप्त किए गए पदों पर कार्यरत पदधारियों द्वारा की गई नियमित सेवा की गणना ऐसे समाप्त किए गए पदों के बदले में उल्लिखित पदों पर नियुक्ति के लिए सुसंगत अनुदेशों या आदेशों के अनुसार गठित समिति द्वारा नए पदों के लिए उनकी उपयुक्तता के निर्धारण के पश्चात् की जाएगी:-

(क) वेतन मैट्रिक्स के स्तर 10 (56,100-1,77,500 रुपए) में प्रसंस्करण इंजिनीयर के समाप्त किए गए पद पर कार्यरत ऐसे पदधारी जिन्होंने उस श्रेणी में पांच वर्ष नियमित सेवा की है, वेतन मैट्रिक्स के स्तर 11 (67,700-2,08,700 रुपए) में उप निदेशक (प्रौद्योगिकी विकास और उद्यमिता) के पद पर नियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा;

(ख) वेतन मैट्रिक्स के स्तर 7 (44,900-1,42,400 रुपए) में वित्त अधिकारी के समाप्त किए गए पद पर कार्यरत ऐसे पदधारी जिन्होंने उस श्रेणी में तीन वर्ष नियमित सेवा की है, वेतन मैट्रिक्स के स्तर 10 (56,100-1,77,500 रुपए) में वरिष्ठ लेखा अधिकारी के पद पर नियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा;

(ग) वेतन मैट्रिक्स के स्तर 7 (44,900-1,42,400 रुपए) में फार्म प्रबंधक के समाप्त किए गए पद पर कार्यरत ऐसे पदधारी जिन्होंने उस श्रेणी में तीन वर्ष नियमित सेवा की है, वेतन मैट्रिक्स के स्तर 10 (56,100-1,77,500 रुपए) में सहायक निदेशक (विकास) के पद पर नियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा;

(घ) वेतन मैट्रिक्स के स्तर 7 (44,900-1,42,400 रुपए) में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के समाप्त किए गए पद पर कार्यरत ऐसे पदधारी जिन्होंने उस श्रेणी में दो वर्ष नियमित सेवा की है, वेतन मैट्रिक्स के स्तर 7 (44,900-1,42,400 रुपए) में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर नियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा;

(ङ) वेतन मैट्रिक्स के स्तर 7 (44,900-1,42,400 रुपए) में सहायक विपणन अधिकारी के समाप्त किए गए पद पर कार्यरत ऐसे पदधारी जिन्होंने उस श्रेणी में तीन वर्ष नियमित सेवा की है, वेतन मैट्रिक्स के 10 (56,100-1,77,500 रुपए) में सहायक निदेशक (विपणन) के पद पर नियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा;

(च) वेतन मैट्रिक्स के स्तर 6 (35,400-1,12,400 रुपए) में वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (विपणन) के समाप्त किए गए पद पर कार्यरत ऐसे पदधारी जिन्होंने उस श्रेणी में आठ वर्ष नियमित सेवा की है, वेतन मैट्रिक्स के स्तर 10 (56,100-1,77,500 रुपए) में सहायक निदेशक (विपणन) के पद पर नियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा;

(छ) वेतन मैट्रिक्स के स्तर 6 (35,400-1,12,400 रुपए) में वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (विपणन) के समाप्त किए गए पद पर कार्यरत ऐसे पदधारी जिन्होंने उस श्रेणी में पाँच वर्ष नियमित सेवा की है, वेतन मैट्रिक्स के स्तर 7 (44,900-1,42,400 रुपए) में बाज़ार संवर्धन अधिकारी के पद पर नियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा;

(ज) वेतन मैट्रिक्स के स्तर 6 (35,400-1,12,400 रुपए) में वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (विकास) के समाप्त किए गए पद पर कार्यरत ऐसे पदधारी जिन्होंने उस श्रेणी में आठ वर्ष नियमित सेवा की है, वेतन मैट्रिक्स के स्तर 10 (56,100-1,77,500 रुपए) में सहायक निदेशक (विकास) के पद पर नियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा;

(झ) वेतन मैट्रिक्स के स्तर 6 (35,400-1,12,400 रुपए) में वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (विकास) के समाप्त किए गए पद पर कार्यरत ऐसे पदधारी जिन्होंने उस श्रेणी में पाँच वर्ष नियमित सेवा की है, वेतन मैट्रिक्स के स्तर 7 (44,900-1,42,400 रुपए) में विकास अधिकारी के पद पर नियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा;

(ञ) वेतन मैट्रिक्स के स्तर 6 (35,400-1,12,400 रुपए) में कनिष्ठ लेखा अधिकारी के समाप्त किए गए पद पर कार्यरत ऐसे पदधारी जिन्होंने उस श्रेणी में पाँच वर्ष नियमित सेवा की है, वेतन मैट्रिक्स के स्तर 7 (44,900-1,42,400 रुपए) में लेखा अधिकारी के पद पर नियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा;

(ट) वेतन मैट्रिक्स के स्तर 6 (35,400-1,12,400 रुपए) में अधीक्षक के समाप्त किए गए पद पर कार्यरत ऐसे पदधारी जिन्होंने उस श्रेणी में पाँच वर्ष नियमित सेवा की है, वेतन मैट्रिक्स के स्तर 7 (44,900-1,42,400 रुपए) में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर नियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा;

(ठ) वेतन मैट्रिक्स के स्तर 6 (35,400-1,12,400 रुपए) में उप संपादक (हिन्दी) के समाप्त किए गए पद पर कार्यरत ऐसे पदधारी जिन्होंने उस श्रेणी में पाँच वर्ष नियमित सेवा की है, वेतन मैट्रिक्स के स्तर 7 (44,900-1,42,400 रुपए) में वरिष्ठ अनुवादक के पद पर नियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा;

(ड) वेतन मैट्रिक्स के स्तर 6 (35,400-1,12,400 रुपए) में हिन्दी अनुवादक के समाप्त किए गए पद पर कार्यरत ऐसे पदधारी जिन्होंने उस श्रेणी में पाँच वर्ष नियमित सेवा की है, वेतन मैट्रिक्स के स्तर 7 (44,900-1,42,400 रुपए) में वरिष्ठ अनुवादक के पद पर नियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा;

(ढ) वेतन मैट्रिक्स के स्तर 6 (35,400-1,12,400 रुपए) में तकनीकी अधिकारी के समाप्त किए गए पद पर कार्यरत ऐसे पदधारी जिन्होंने उस श्रेणी में पाँच वर्ष नियमित सेवा की है, वेतन मैट्रिक्स के स्तर 7 (44,900-1,42,400 रुपए) में विकास अधिकारी के पद पर नियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा;

(ण) वेतन मैट्रिक्स के स्तर 4 (25,500-81,100 रुपए) में मशीन ऑपरेटर के समाप्त किए गए पद पर कार्यरत ऐसे पदधारी जिन्होंने उस श्रेणी में दस वर्ष नियमित सेवा की है और जिनके पास बोर्ड के गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला में भंडार को संभालने का दो वर्ष का अनुभव है वेतन मैट्रिक्स के स्तर 6 (35,400-1,12,400 रुपए) में सहायक (भंडार) के पद पर नियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा;

परन्तु समाप्त किए गए पदों के पदधारियों का जिनका उपर्युक्तता का निर्धारण किया जाता है नए पदों के लिए उपयुक्त नहीं हैं, अधिशेष घोषित किया जाना होगा और वेतन मैट्रिक्स के उसी या उससे उच्च स्तर पर समतुल्य संख्या में पदों को तब तक रिक्त रखा जाना होगा जब तक उन्हें अन्यथा नए पदों पर समायोजित नहीं किया जाता अथवा वे अधिवर्षिता प्राप्त नहीं कर लेते ।

6. **शिथिल करने की शक्ति.**—जहां बोर्ड की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हें लेखबद्ध करके, इन विनियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगा ।

7. व्यावृति.—इन विनियमों की कोई बात ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतन मैट्रिक्स में स्तर	चयन या अचयन पद	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु सीमा	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएँ
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1. निदेशक (विकास)	5* (2020) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	समूह 'क'	स्तर - 11 (67,700-2,08,700 रु.)	चयन पद	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएँ प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में भी लागू होगीं या नहीं	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो	**भर्ती की पद्धति** : भर्ती सीधी होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्यतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता	प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियाँ जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाएगा	यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना	भर्ती करते समय किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा
(8)	(9)	(10)	(11)	(12)	(13)
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	प्रोन्नति द्वारा, जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा	**प्रोन्नति :** वेतन मैट्रिक्स के स्तर-11 (67,700-2,08,700 रुपए) में ऐसे उप निदेशक (विकास), उप निदेशक (विपणन) और उप निदेशक (निर्यात संवर्धन), जिन्होंने अपनी अपनी श्रेणी में तीन वर्ष नियमित सेवा की हो, जिनके पास किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कृषि या बागवानी में मास्टर डिग्री हो और जिन्होंने किसी मान्यताप्राप्त संस्था से संबंधित क्षेत्र में दो या चार सप्ताह का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया हो। **टिप्पण1**: जहाँ ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहाँ उनसे वरिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परन्तु यह तब जब कि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित जिन्होंने ऐसी	समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे:- 1. अध्यक्ष, नारियल विकास बोर्ड - अध्यक्ष 2. कोई अधिकारी, जो भारत सरकार के कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग में उप सचिव की पंक्ति से कम का न हो, - सदस्य 3. मुख्य नारियल विकास अधिकारी – सदस्य 4. बोर्ड के समुचित हैसियत का अधिकारी या उसकी अनुपस्थिति में स्थानीय अवस्थित केंन्द्रीय सरकार के अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति समुदाय का कोई अधिकारी – सदस्य	लागू नहीं होता।

			अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चत्तर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए परिवीक्षा की अवधि सफलता पूर्वक पूरी कर ली हो । **प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) :** केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों या विश्वविद्यालयों या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या अर्ध सरकारी या कानूनी अथवा स्वायत्त संगठनों के अधीन ऐसे अधिकारीः (क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; या (ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-10 (56,100-1,77,500 रुपए) में या समतुल्य में नियमित आधार पर पाँच वर्ष सेवा की हो ; और (ख) जिनके पास निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएँ और अनुभव हों: आवश्यक: (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कृषि या बागवानी या बागान वृक्ष फसलों से संबंधित पौध विज्ञान में मास्टर डिग्री ; (ii) नारियल फसल के विशिष्ट प्रतिनिर्देश से कृषि विकास में लगे केन्द्रीय सरकार या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या स्वायत्त निकायों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों में समूह (क) पदों पर दस वर्ष का अनुभव। **वांछनीय:** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कृषि या बागवानी या नारियल फसल संबंधी पौध विज्ञान में डाक्टरेट की डिग्री। **टिप्पण1:** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे । इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे ।		

			टिप्पण 2 : प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 3** : प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी ।		

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
2. निदेशक (विपणन)	1* (2020) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है	समूह 'क'	स्तर-11 (67,700-2,08,700 रुपए)	चयन पद	चालीस वर्ष से अधिक नहीं (केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए पाँच वर्ष तक शिथिल की जा सकती है । नारियल विकास बोर्ड में सेवारत नियमित कर्मचारियों के लिए अधिकतम आयु सीमा लागू नहीं होता है।) **टिप्पण:** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्पीति जिले तथा चम्बा-जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर या लक्षदीप संघ राज्यक्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है ।	किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री या समतुल्य सहित विपणन में विशेषज्ञता के साथ किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से कृषि उत्पादों से संबंधित बाज़ार संवर्धन या बाज़ार विकास या निर्यात संवर्धन या निर्यात विकास में दस वर्ष का अनुभव; अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कृषि विपणन या कृषि अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री सहित किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से कृषि विपणन में दस वर्ष का अनुभव; अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से किसी भी विषय में मास्टर डिग्री सहित विपणन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा और किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से कृषि उत्पादों के बाज़ार संवर्धन या निर्यात संवर्धन में पंद्रह वर्ष का अनुभव।

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)	(13)
लागू नहीं होता	दो वर्ष	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा, दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा।	**प्रोन्नति:** वेतन मैट्रिक्स के स्तर-11 (67,700-2,08,700 रुपए) में ऐसे उप निदेशक (विपणन), उप निदेशक (निर्यात संवर्धन), उप निदेशक (प्रौद्योगिकी विकास और उद्यमिता), उप निदेशक (साँख्यिकी) और उप निदेशक (विकास) की सम्मिलत वरिष्ठ के आधार पर प्रोन्नति द्वारा जिन्होंने अपनी अपनी श्रेणी में तीन	समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए) और विभागीय पुष्टि समिति (पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित से मिलकर बनेगी :- 1. अध्यक्ष, नारियल विकास बोर्ड – अध्यक्ष	लागू नहीं होता ।

			वर्ष नियमित सेवा की हो, जिनके पास किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से बैचेलर डिग्री और किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से विपणन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा हो और जिन्होंने किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से सुसंगत क्षेत्र में दो या चार सप्ताह का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया हो। **टिप्पण1**: जहाँ ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहाँ उनसे वरिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परन्तु यह तब जब कि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चत्तर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए परिवीक्षा की अवधि सफलता पूर्वक पूरी कर ली हो। **प्रतिनियुक्ति** : केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों या विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या अर्ध सरकारी या कानूनी अथवा स्वायत्त संगठनों के अधीन ऐसे अधिकारीः (क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; या (ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-10 (56,100-1,77,500 रुपए) में या समतुल्य में नियमित आधार पर पाँच वर्ष सेवा की हो; और (ख) जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित शैक्षिक अर्हताएँ और अनुभव हों: **टिप्पण 1:** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने	2. मुख्य नारियल विकास अधिकारी, नारियल विकास बोर्ड – सदस्य 3. कोई अधिकारी, जो भारत सरकार के कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग में उप सचिव की पंक्ति से कम का न हो - सदस्य 4. बोर्ड के समुचित हैसियत का अधिकारी या उसकी अनुपस्थिति में स्थानीय अवस्थित केन्द्रीय सरकार के अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति समुदाय का कोई अधिकारी – सदस्य	

			के पात्र नहीं होंगे । इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे । **टिप्पण 2** : प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 3** : प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी ।		

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
3. उप निदेशक (विकास)	10* (2020) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।	समूह 'क'	स्तर-11 (67,700-2,08,700 रुपए)	चयन पद	चालीस वर्ष से अधिक नहीं (केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए पाँच वर्ष तक शिथिल की जा सकती है । नारियल विकास बोर्ड में सेवारत नियमित कर्मचारियों के लिए अधिकतम आयु सीमा लागू नहीं होता है)। **टिप्पण:** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्पीति जिले तथा चम्बा-जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर	(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से बागवानी या कृषि या पौध विज्ञान में मास्टर डिग्री; और (ii) बागान वृक्ष फसलों या बागवानी फसलों के कृषि विकास के प्रतिनिर्देश से केन्द्रीय सरकार के अधीन वेतन मैट्रिक्स के स्तर-10 (56,100-1,77,500 रुपए) में या समतुल्य में पाँच वर्ष का अनुभव; अथवा बागान वृक्ष फसलों या बागवानी फसलों के कृषि विकास के प्रतिनिर्देश से केन्द्रीय सरकार के अधीन वेतन मैट्रिक्स के स्तर-7 (44,900-1,42,400 रुपए) में या समतुल्य में सात वर्ष का अनुभव ।

					या लक्षदीप संघ राज्यक्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है।	

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)	(13)
लागू नहीं होता	दो वर्ष	पचास प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और पचास प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा	**प्रोन्नति:** वेतन मैट्रिक्स के स्तर-10 (56,100-1,77,500 रुपए) में ऐसे सहायक निदेशक (विकास), जिन्होंने उस श्रेणी में पाँच वर्ष नियमित सेवा की हो और जिन्होंने किसी मान्यताप्राप्त संस्था से सुसंगत क्षेत्र में दो या चार सप्ताह का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया हो। **टिप्पण1**: जहाँ ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहाँ उनसे वरिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परन्तु यह तब जब कि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए परिवीक्षा की अवधि सफलता पूर्वक पूरी कर ली हो। **प्रतिनियुक्ति :** केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों या विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या अर्ध सरकारी या कानूनी अथवा स्वायत्त संगठनों के अधीन ऐसे अधिकारी: (क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; या (ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-10 (56,100-1,77,500 रुपए) में या समतुल्य में नियमित आधार पर पाँच वर्ष सेवा की हो; या (iii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर -7 (44,900-1,42,400 रुपए) में या समतुल्य में नियमित आधार पर सात वर्ष सेवा की हो; और (ख) जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित शैक्षिक अर्हताएँ और अनुभव हों। **टिप्पण 1:** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय	समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए) और विभागीय पुष्टि समिति (पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे :- 1. अध्यक्ष, नारियल विकास बोर्ड – अध्यक्ष 2. कोई अधिकारी, जो भारत सरकार के कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग में उप सचिव की पंक्ति से कम के न हो - सदस्य 3. मुख्य नारियल विकास अधिकारी – सदस्य 4. बोर्ड के समुचित हैसियत का अधिकारी या उसकी अनुपस्थिति में स्थानीय अवस्थित केन्द्रीय सरकार के अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति समुदाय का कोई अधिकारी – सदस्य	लागू नहीं होता।

			अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे । इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे । **टिप्पण 2** : प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 3** : प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी ।		

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
4. उप निदेशक (निर्यात संवर्धन)	1* (2020) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।	समूह 'क'	स्तर-11 (67,700-2,08,700रु.)	चयन पद	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)	(13)
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा	<u>**प्रोन्नति**</u>: वेतन मैट्रिक्स के स्तर-10 (56,100-1,77,500 रुपए) में ऐसे सहायक निदेशक (निर्यात संवर्धन) और सहायक निदेशक (विदेश व्यापार) की सम्मिलित वरिष्ठता के आधार पर प्रोन्नति द्वारा जिन्होंने अपनी अपनी श्रेणी में पाँच वर्ष नियमित सेवा की हो और जिन्होंने किसी मान्यताप्राप्त संस्था से सुसंगत क्षेत्र में दो या चार सप्ताह का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया हो। **टिप्पण1:** जहाँ ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहाँ उनसे वरिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परन्तु यह तब जब कि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में	समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे:- 1. अध्यक्ष, नारियल विकास बोर्ड – अध्यक्ष 2. मुख्य नारियल विकास अधिकारी, नारियल विकास बोर्ड – सदस्य 3. कोई अधिकारी जो भारत सरकार के कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग में उप सचिव की पंक्ति से कम का न हो - सदस्य 4. बोर्ड के समुचित हैसियत का अधिकारी या उसकी अनुपस्थिति में स्थानीय अवस्थित केन्द्रीय सरकार के अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति समुदाय का कोई अधिकारी – सदस्य	लागू नहीं होता ।

			प्रोन्नति के लिए परिवीक्षा की अवधि सफलता पूर्वक पूरी कर ली हो । **प्रतिनियुक्ति :** केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों या विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या अर्ध सरकारी या कानूनी अथवा स्वायत्त संगठनों के अधीन ऐसे अधिकारीः (क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; या (ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-10 (56,100-1,77,500 रुपए) में या समतुल्य में नियमित आधार पर पाँच वर्ष सेवा की हो ; या (iii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-7 (44,900-1,42,400 रुपए) में या समतुल्य में नियमित आधार पर सात वर्ष सेवा की हो; और (ख) जिनके पास निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएँ और अनुभव हों: (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री या समतुल्य सहित अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय या विदेश व्यापार या निर्यात संवर्धन में विशेषज्ञता अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से किसी भी विषय में मास्टर डिग्री सहित अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय या निर्यात संवर्धन या विदेश व्यापार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा; और (ii) किसी सरकारी कार्यालय या स्वायत्त निकायों या कानूनी निकाय अथवा पब्लिक सेक्टर उपक्रम में निर्यात संवर्धन गतिविधियों का सात वर्ष का अनुभव। **टिप्पण1:** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे । इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे ।		

			टिप्पण 2 : प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 3** : प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी।		

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
5. उप निदेशक (विपणन)	2* (2020) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है	समूह 'क'	स्तर-11 (67,700-2,08,700 रुपए)	चयन पद	चालीस वर्ष से अधिक नहीं (केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए पाँच वर्ष तक शिथिल की जा सकती है । नारियल विकास बोर्ड में सेवारत नियमित कर्मचारियों के लिए अधिकतम आयु सीमा लागू नहीं होता है)। **टिप्पण:** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्पीति जिले तथा चम्बा-जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर या लक्षदीप संघ राज्यक्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है।	i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री या समतुल्य सहित विपणन में विशेषज्ञता या कृषि या बागवानी में मास्टर डिग्री या समतुल्य सहित विपणन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा; और ii) किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से कृषि विपणन में सात वर्ष का अनुभव।

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)	(13)
लागू नहीं होता	दो वर्ष	पचास प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा और पचास प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा।	**प्रोन्नति:** वेतन मैट्रिक्स के स्तर-10 (56,100-1,77,500 रुपए) में ऐसे सहायक निदेशक (विपणन), जिन्होंने उस श्रेणी में पाँच वर्ष नियमित सेवा की हो और जिन्होंने किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से सुसंगत क्षेत्र में दो या चार सप्ताह का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया हो। **टिप्पण1:** जहाँ ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में	समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए) और विभागीय पुष्टि समिति (पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे :- 1.अध्यक्ष, नारियल विकास	लागू नहीं होता।

			जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहाँ उनसे वरिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परन्तु यह तब जब कि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चत्तर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **प्रतिनियुक्ति :** केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों या विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या अर्ध सरकारी या कानूनी अथवा स्वायत्त संगठनों के अधीन ऐसे अधिकारीः (क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; या (ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-10 (56,100-1,77,500 रुपए) में या समतुल्य में नियमित आधार पर पाँच वर्ष सेवा की हो; या (iii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-7 (44,900-1,42,400 रुपए) में या समतुल्य में नियमित आधार पर सात वर्ष सेवा की हो; और (ख) जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित शैक्षिक अर्हताएँ और अनुभव हों। **टिप्पण 1:** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। **टिप्पण 2 :** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 3** : प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी।	बोर्ड – अध्यक्ष 2. कोई अधिकारी, जो भारत सरकार के कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग में उप सचिव की पंक्ति से कम का न हो - सदस्य 3.मुख्य नारियल विकास अधिकारी – सदस्य 4. बोर्ड के समुचित हैसियत का अधिकारी या उसकी अनुपस्थिति में स्थानीय अवस्थित केन्द्रीय सरकार के अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति समुदाय का कोई अधिकारी – सदस्य	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
6. उप निदेशक (प्रौद्योगिकी विकास और उद्यमिता)	1* (2020) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	समूह 'क'	स्तर-11 (67,700-2,08,700 रुपए)	चयन पद	चालीस वर्ष से अधिक नहीं (केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए पाँच वर्ष तक शिथिल की जा सकती है। नारियल विकास बोर्ड में सेवारत नियमित कर्मचारियों के लिए अधिकतम आयु सीमा लागू नहीं होता है)। **टिप्पण:** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्पीति जिले तथा चम्बा-जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर या लक्षदीप संघ राज्यक्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है।	किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से खाद्य प्रसंस्करण या खाद्य प्रौद्योगिकी में एम.टेक या समतुल्य सहित किसी मान्यताप्राप्त संस्थान में प्रौद्योगिकी विकास, खाद्य प्रसंस्करण और उद्यमिता विकास में पाँच वर्ष का पर्यवेक्षी अनुभव अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से खाद्य प्रसंस्करण या खाद्य प्रौद्योगिकी में बी.टेक सहित किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से प्रचालन या मानव संसाधन या वित्त में बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री या समतुल्य और किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से प्रौद्योगिकी विकास, खाद्य प्रसंस्करण और उद्यमिता विकास में पर्यवेक्षी हैसियत का सात वर्ष का अर्हक अनुभव।

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)	(13)
लागू नहीं होता	दो वर्ष	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा, दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	**<u>प्रोन्नति</u>:** वेतन मैट्रिक्स के स्तर-10 (56,100-1,77,500 रुपए) में ऐसे सहायक निदेशक (प्रौद्योगिकी) और सहायक निदेशक (प्रशिक्षण) की सम्मिलित वरिष्ठ के आधार पर प्रोन्नति द्वारा जिन्होंने अपनी अपनी श्रेणी में पाँच वर्ष नियमित सेवा की हो और जिन्होंने किसी मान्यताप्राप्त संस्था से सुसंगत क्षेत्र में दो या चार सप्ताह का प्रशिक्षण सफलता पूर्वक पूरा कर लिया हो। **टिप्पण1:** जहाँ ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहाँ उनसे वरिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परन्तु यह तब जब कि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चत्तर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **प्रतिनियुक्ति :** केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों या विश्वविद्यालयों या	समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए) और विभागीय पुष्टि समिति (पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे :- 1. अध्यक्ष, नारियल विकास बोर्ड – अध्यक्ष 2. मुख्य नारियल विकास अधिकारी, नारियल विकास बोर्ड – सदस्य 3. कोई अधिकारी, जो भारत सरकार के कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग में उप सचिव की पंक्ति से कम का न हो - सदस्य 4. बोर्ड के समुचित हैसियत का अधिकारी या उसकी अनुपस्थिति में स्थानीय अवस्थित केन्द्रीय सरकार के अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति समुदाय का कोई अधिकारी – सदस्य	लागू नहीं होता।

			मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या अर्ध सरकारी या कानूनी अथवा स्वायत्त संगठनों के अधीन ऐसे अधिकारीः (क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; या (ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-10 (56,100-1,77,500 रुपए) में या समतुल्य में नियमित आधार पर पाँच वर्ष सेवा की हो; और (ख) जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित शैक्षिक अर्हताएँ और अनुभव हों। **टिप्पण 1:** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। **टिप्पण 2** : प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 3** : प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी।		

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
7. उप निदेशक (साँख्यिकी)।	1* (2020) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है	समूह 'क'	स्तर-11 (67,700-2,08,700 रु.)	चयन पद	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)	(13)
लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	**संयुक्त पद्धति:** प्रोन्नति /प्रतिनियुक्ति	**संयुक्त पद्धति** : प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति: केन्द्रीय या राज्य सरकारों या विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों या पब्लिक सेक्टर के उपक्रमों या अर्ध सरकारी या कानूनी या स्वायत्त संगठनों के	समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे:- 1 अध्यक्ष, नारियल विकास	लागू नहीं होता।

			अधीन ऐसे अधिकारीः (क)(i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; या (ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-10 (56,100-1,77,500 रुपए) में या समतुल्य में नियमित आधार पर पाँच वर्ष सेवा की हो; या (iii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 7 (44,900-1,42,400 रुपए) में या समतुल्य में नियमित आधार पर सात वर्ष सेवा की हो; और (ख) जिनके पास निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएँ और अनुभव हों: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से सांख्यिकी या कृषि सांख्यिकी में मास्टर डिग्री के साथ अधिमानत: कृषि में सांख्यिकीय आंकड़ों का संकलन करने, व्याख्या और विश्लेषण करने में सात वर्ष का अनुभव; अथवा सांख्यिकी या कृषि सांख्यिकी में डाक्टर ऑफ फिलोसोफी के साथ अधिमानत: कृषि में सांख्यिकीय आंकड़ों का संकलन करने, व्याख्या और विश्लेषण करने में तीन वर्ष का अर्हता पश्चात् अनुभव। बाह्य व्यक्तियों के साथ वेतन मैट्रिक्स विभाग के स्तर – 10 (56,100 – 1,77,500 रू) में ऐसे विभागीय सहायक निदेशक (सांख्यिकी) पर भी विचार किया जायेगा। जिन्होंने उस श्रेणी में पाँच वर्ष नियमित सेवा की है और यदि उस पद पर नियुक्ति के लिए उसका चयन कर किया जाता है तो वह पद प्रोन्नति से भरा गया समझा जाएगा। **टिप्पण1**: पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे । इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे । **टिप्पण2** : प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या	बोर्ड – अध्यक्ष 2 मुख्य नारियल विकास अधिकारी, नारियल विकास बोर्ड – सदस्य 3 कोई अधिकारी, जो भारत सरकार के कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग में उप सचिव की पंक्ति से कम के न हो, - सदस्य 4 बोर्ड के समुचित हैसियत का अधिकारी या उसकी अनुपस्थिति में स्थानीय अवस्थित केंन्द्रीय सरकार का अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति समुदाय का कोई अधिकारी – सदस्य	

			विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण3** : प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी।		

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
8. लेखा परीक्षा अधिकारी	1* (2020) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है	समूह 'क'	स्तर-10 (56,100-1,77,500 रुपए)	चयन पद	पैंतीस वर्ष से अधिक नहीं (केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों के लिए पाँच वर्ष तक शिथिल की जा सकती है। नारियल विकास बोर्ड में सेवारत नियमित कर्मचारियों के लिए अधिकतम आयु सीमा लागू नहीं है।) **टिप्पण:** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्पीति जिले तथा चम्बा-जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर या लक्षदीप संघ राज्यक्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है।	**<u>आवश्यक</u> :** i) लेखापरीक्षा में दो वर्ष के अनुभव सहित इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया का एसोसियेट; या ii) लेखापरीक्षा में तीन वर्ष के अनुभव सहित इंस्टिट्यूट ऑफ कोस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया का एसोसियेट; या iii) वाणिज्य में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ सरकारी कार्यालय या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्था या विश्वविद्यालय या पब्लिक सेक्टर के उपक्रम या कानूनी या स्वायत्त निकाय में लेखापरीक्षा में सात वर्ष का अनुभव। **<u>वांछनीय</u>:** i) इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया का फेलो; या ii) एक वर्ष के अनुभव सहित इंस्टिट्यूट ऑफ कोस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया का फेलो।

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)	(13)
लागू नहीं होता	दो वर्ष	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा, दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	**<u>प्रोन्नति</u>:** वेतन मैट्रिक्स के स्तर 7 (44,900-1,42,400 रुपए) में ऐसे वरिष्ठ लेखापरीक्षक और लेखा अधिकारी की सम्मिलित वरिष्ठ के आधार पर प्रोन्नति द्वारा जिन्होंने संबंधित श्रेणी में तीन वर्ष की नियमित सेवा की हो, जिनके पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से	समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए) और विभागीय पुष्टि समिति (पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे :-	लागू नहीं होता।

			वाणिज्य में मास्टर डिग्री या इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की इंटर परीक्षा में उत्तीर्ण या इंस्टिट्यूट ऑफ कोस्ट एकाउंटेंट्स आफ इंडिया की इंटर परीक्षा में उत्तीर्ण के साथ किसी भी विषय में बेचलर डिग्री या वित्तीय प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा या समतुल्य। **टिप्पण1**: जहाँ ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहाँ उनसे वरिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परन्तु यह तब जब कि उनके द्वारा की गई अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चत्तर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए परिवीक्षा की अवधि सफलता पूर्वक पूरी कर ली हो । **प्रतिनियुक्ति:** केन्द्रीय या राज्य सरकारों या विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या अर्ध सरकारी या कानूनी या स्वायत्त संगठनों के अधीन कार्यरत ऐसे अधिकारीः (क)(i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; या (ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 8 (47,600-1,51,100 रुपए) में या समतुल्य में नियमित आधार पर दो वर्ष सेवा की हो; या (iii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 7 (44,900-1,42,400 रुपए) में या समतुल्य में नियमित आधार पर तीन वर्ष सेवा की हो; और (ख) जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित शैक्षिक अर्हताएँ और अनुभव हों: **टिप्पण 1**: पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे । इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। **टिप्पण 2** : प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है	1. अध्यक्ष, नारियल विकास बोर्ड – अध्यक्ष 2. मुख्य नारियल विकास अधिकारी, नारियल विकास बोर्ड – सदस्य 3. कोई अधिकारी, जो भारत सरकार के कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग में उप सचिव की पंक्ति से कम के न हो - सदस्य 4. बोर्ड के समुचित हैसियत का अधिकारी या उसकी अनुपस्थिति में स्थानीय अवस्थित केन्द्रीय सरकार के अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति समुदाय का कोई अधिकारी – सदस्य	

			साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 3** : प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी।		

1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
9. वरिष्ठ लेखा अधिकारी	1* (2020) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	समूह 'क'	स्तर-10 (56,100-1,77,500 रुपए)	चयन पद	पैंतीस वर्ष से अधिक नहीं (केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए पाँच वर्ष तक शिथिल की जा सकती है नारियल विकास बोर्ड में सेवारत नियमित कर्मचारियों के लिए अधिकतम आयु सीमा लागू नहीं होता है)। **टिप्पण:** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्पीति जिले तथा चम्बा-जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर या लक्षदीप संघ राज्यक्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है।	**आवश्यक**: i) लेखाकरण कार्य में दो वर्ष के अनुभव सहित इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया का एसोसियेट या ii) लेखाकरण कार्य में तीन वर्ष के अनुभव सहित इंस्टिट्यूट ऑफ कोस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया का एसोसियेट या iii) वाणिज्य में मास्टर डिग्री के साथ किसी सरकारी कार्यालय या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्था या विश्वविद्यालय या पब्लिक सेक्टर उपक्रम या कानूनी या स्वायत्त निकाय में लेखाकरण कार्य में सात वर्ष का अनुभव **वांछनीय:** i) इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया का फेलो; या ii) एक वर्ष के अनुभव सहित इंस्टिट्यूट ऑफ कोस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया का फेलो;

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)	(13)
लागू नहीं होता	दो वर्ष	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा, दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा।	**प्रोन्नति**: वेतन मैट्रिक्स के स्तर 7 (44,900-1,42,400 रुपए) में ऐसे लेखा अधिकारी और वरिष्ठ लेखापरीक्षक की सम्मिलित वरिष्ठ के आधार पर प्रोन्नति द्वारा जिन्होंने संबंधित श्रेणी में तीन वर्ष नियमित सेवा की हो, जिनके पास किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से वाणिज्य में मास्टर डिग्री या इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की इंटर परीक्षा में उत्तीर्ण या इंस्टिट्यूट ऑफ कोस्ट एकाउंटेंट्स आफ इंडिया की इंटर परीक्षा में उत्तीर्ण सहित किसी भी	समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए) और विभागीय पुष्टि समिति (पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे :- 1. अध्यक्ष, नारियल विकास बोर्ड – अध्यक्ष 2. मुख्य नारियल विकास अधिकारी, नारियल विकास बोर्ड – सदस्य	लागू नहीं होता।

			विषय में बैचलर डिग्री या वित्तीय प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा या समतुल्य। **टिप्पण1**: जहाँ ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहाँ उनसे वरिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परन्तु यह तब जब कि उनके द्वारा की गई अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा से आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चत्तर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए परिवीक्षा की अवधि सफलता पूर्वक पूरी कर ली हो। **प्रतिनियुक्ति:** केन्द्रीय या राज्य सरकारों या विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या अर्ध सरकारी या कानूनी या स्वायत्त संगठनों के अधीन कार्यरत ऐसे अधिकारीः (क)(i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; या (ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 8 (47,600-1,51,100 रुपए) में या समतुल्य में नियमित आधार पर दो वर्ष सेवा की हो; या (iii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 7 (44,900-1,42,400 रुपए) में या समतुल्य में नियमित आधार पर तीन वर्ष सेवा की हो; और (ख) जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित शैक्षिक अर्हताएँ और अनुभव हों: **टिप्पण 1**: पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। **टिप्पण 2** : प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी	3. कोई अधिकारी, जो भारत सरकार के कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग में अवर सचिव की पंक्ति से कम के न हो - सदस्य 4. सचिव, नारियल विकास बोर्ड – सदस्य 5. बोर्ड के समुचित हैसियत का अधिकारी या उसकी अनुपस्थिति में स्थानीय अवस्थित केन्द्रीय सरकार के अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति समुदाय का कोई अधिकारी – सदस्य	

			या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 3** : प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी।		

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
10. वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी	1* (2020) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	समूह 'क'	स्तर-10 (56,100-1,77,500 रुपए)	चयन पद	पैंतीस वर्ष से अधिक नहीं (केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए पाँच वर्ष तक शिथिल की जा सकती है। नारियल विकास बोर्ड में सेवारत नियमित कर्मचारियों के लिए अधिकतम आयु सीमा लागू नहीं होता है)। **टिप्पण:** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्पीति जिले तथा चम्बा-जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर या लक्षदीप संघ राज्यक्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है।	**आवश्यक:** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से स्नातकोत्तर डिग्री के साथ किसी सरकारी कार्यालय या स्वायत्त निकाय या कानूनी निकाय या पब्लिक सेक्टर उपक्रम या समतुल्य में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-7 (44,900-1,42,400 रुपए) में प्रशासन और स्थापना संबंधी मामलों में तीन वर्ष का अनुभव। **वांछनीय:** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री सहित मानव संसाधन प्रबंधन कार्मिक प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा।

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)	(13)
आयु: नहीं शैक्षिक अर्हताएँ : हाँ, स्तंभ (II) में उल्लेखित विस्तार तक।	दो वर्ष	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा, दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा।	**प्रोन्नति:** वेतन मैट्रिक्स के स्तर 7 (44,900-1,42,400 रुपए) में ऐसे प्रशासनिक अधिकारी जिन्होंने उस श्रेणी में तीन वर्ष नियमित सेवा की हो और जिनके पास किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से किसी भी विषय में मास्टर डिग्री और मानव संसाधन प्रबंधन या कार्मिक प्रबंधन या समतुल्य में स्नातकोत्तर डिप्लोमा हो। **टिप्पण 1:** जहाँ ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार	समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए) और विभागीय पुष्टि समिति (पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे :- 1. अध्यक्ष, नारियल विकास बोर्ड – अध्यक्ष 2. मुख्य नारियल विकास अधिकारी, नारियल विकास	लागू नहीं होता।

			किया जा रहा हो, वहाँ उनसे वरिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परन्तु यह तब जब कि उनके द्वारा की गई अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चत्तर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए परिवीक्षा की अवधि सफलता पूर्वक पूरी कर ली हो । **प्रतिनियुक्ति:** केन्द्रीय या राज्य सरकारों या विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या अर्ध सरकारी या कानूनी या स्वायत्त संगठनों के अधीन कार्यरत ऐसे अधिकारीः (क)(i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; या (ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 8 (47,600-1,51,100 रुपए) में या समतुल्य में नियमित आधार पर दो वर्ष सेवा की हो; या (iii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 7 (44,900-1,42,400 रुपए) में या समतुल्य में नियमित आधार पर तीन वर्ष सेवा की हो; और (ख) जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित शैक्षिक अर्हताएँ और अनुभव हों: **टिप्पण 1:** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे । इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे । **टिप्पण 2** : प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 3** : प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी ।	बोर्ड – सदस्य 3. कोई अधिकारी, जो भारत सरकार के कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग में अवर सचिव की पंक्ति से कम के न हो - सदस्य 4. सचिव, नारियल विकास बोर्ड – सदस्य 5. बोर्ड के समुचित हैसियत का अधिकारी या उसकी अनुपस्थिति में स्थानीय अवस्थित केन्द्रीय सरकार के अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति समुदाय का कोई अधिकारी – सदस्य	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
11. तंत्र विश्लेषक	1* (2020) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	समूह 'क'।	स्तर-10 (56,100-1,77,500 रुपए)	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

(8)	(9)	(10)	(11)	(12)	(13)
